**कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**बीडा– भदोही**

पत्र संख्या बीडा/तकनीकी–दो/( )/ / दिनांक ............

## ई–निविदा सूचना

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय बीडा द्वारा प्राधिकरण में श्रेणी ए में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा अन्य शासकीय विभागो में श्रेणी ए में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से भवन निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सूचित किया जाता है कि कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता अनिवार्य है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य तथा G.S.T | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रजपुरा वाणिज्यिक सह आवासीय योजना में निर्मित बीडा मार्ट पर प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण कार्य। | 61777600.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 1235552.00 | 5900.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 01 वर्ष |

शर्ते :–

ई0 टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें बेवसाइट पर प्रद्रर्शित होने की तिथि 02.12.21 है।

1. निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट आन लाईन दिनांक 02.12.21 से 24.12.21 तक ई0 टेण्डरिंग पोर्टल **(http:// e-tender.up.nic.in)** पर उपलब्ध है जो आन लाईन **(http:// e-tender.up.nic.in)** पर दिनांक 24.12.21 को दोपहर 12.00 बजे तक ही सबमिट किया जायेगा।
2. (2)
3. निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त बेवसाईट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है जो निःशुल्क है। निविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता के पास यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ अथवा किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट हेतु अधिकृत अथारिटी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
4. निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमाण्ट ड्राफ्ट मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा भदोही के पक्ष में देय होगा।
5. निविदा की धरोहर धनराशि समस्त प्रमाण पत्रों (टी0–4, टी0–5, टी0–6) पंजीकरण प्रमाण पत्र को **(Scanned)** स्कैण्ड कापी ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा भदोही के कार्यालय में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि ....24.12.21 को अपरान्ह 12.00 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
   1– निविदा प्रपत्र मूल्य सम्बन्धित डिमाण्ड डाफ्ट मूल में।
   2– बिड सिक्योरिटी (बिड डाक्यूमेन्ट के अनुसार अनुमन्य रूप में) मूल (ओरिजनल) में
   3– बिड डाक्यूमेन्ट के अनुरूप निविदादात द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं की सत्यता के सम्बन्ध में शपथ पत्र (टी0–6) मूल में एवं चरित्र प्रमाण पत्र(टी0–4) तथा हैसियत प्रमाण पत्र (टी0–5) की प्रमाणित छाया प्रति जमा करना होगा।
7. ठेकेदार/फर्म की जी.एस.टी. में पंजीकरण अनिवार्य है तथा जी.एस.टी. के अन्तर्गत आने वाली समस्त कटौतिया देय होगी एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 में फर्म की जी.एस.टी. जमा धनराशि का साक्ष्य (जी.एस.टी.3बी, जी.एस.टी.आर–1) का प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा में आवेदन करने वाले निविदाताओं को विगत 03 वित्तीय वर्ष की ITR की स्वप्रमाणित प्रतियॉ (जो कि उत्तरोत्तर वृद्धि प्रदर्शित करता हो) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा में आवेदन करने वाले निविदाताओं के पास भवन निर्माण कार्य करने का अनुभव एवं संसाधन (भवन निर्माण से सम्बन्धित प्लान्ट एवं मशीनरी) भी होना चाहिए। इस सम्बन्ध में प्रत्येक के

लिए एंक समान प्रकृति और आकार के कार्यो का अनुभव या कार्यो का विवरण कार्यदायी अभियन्ता या समकक्ष रैंक के सम्बन्धित अधिकारी से प्रमाण पत्र के साथ अनुबन्ध पत्र संलग्न करना होगा।

10. निविदादाताओं को अधिकृत पता, ई–मेल आईडी, मोबाइल नम्बर, ह्वाटसअप नम्बर और अपने लेटर पैड पर लिखे सम्पर्क पते पर विधिवत् हस्ताक्षरित स्वसत्यापित प्रति।
11. निविदा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि निविदादाताओं द्वारा क्रम संख्या 4 से 10 में वर्णित प्रपत्रों को जिसे लिफाफे में बन्द कर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय में जमा कराया जाये (पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप में) उस पर निविदादाता द्वारा केवल बिड आई0डी0 सं0 (जो आन लाईन निविदा सबमिट करने पर बेवसाईट द्वारा प्रजनित होती है) ही अंकित की जायेगी। इस लिफाफे पर निविदादाता द्वारा अपना अथवा अपनी फर्म का नाम अंकित नहीं किया जायेगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक ....24.12.21 को समय अपरान्ह **03.00** बजे कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीडा भदोही में उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी तथा जिस ठेकेदार की तकनीकी बिड वैध पाई जायेगी उनकी ही फाइनेन्शीयल बिड खोली जायेगी।
12. अपठनीय–अस्पष्ट स्कैन कापी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13. शासनादेश संख्या–0145/नौ–9–2013 दिनांक 10.12.2013 के द्वारा भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के अन्तर्गत ठेकेदारों के पंजीयन एवं श्रमिकों के पंजीयन कराये जाने अनिवार्य होगें। प्रत्येक निविदा कार्य की पंजीयन ठेकेदार/संस्था को कार्यादेश प्राप्त कर श्रम विभाग से कराकर बीडा में जमा करना होगा।
14. प्रत्येक निविदादाता निविदा देने से पूर्व उक्त सूची में अंकित निर्माण कार्य के स्थल का भली भॉति निरीक्षण अवश्य कर लें।
15. सशर्त निविदाएं मान्य नही होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी। निविदा के संबंध में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायालय क्षेत्राधिकार ज्ञानपुर भदोही होगा।
16. कार्यादेश प्राप्त होने के बाद निर्धारित समय के अन्दर कार्य को पूर्ण कराया जायेगा। यदि निर्धारित समय के अन्दर कार्य को पूर्ण नही कराया जाता है तो जमानत धनराशि को जब्त करते हुए आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जायेगी।
17. ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि दिनांक ....24.12.21समय अपरान्ह **12.00** बजे तक है।
18. बिडर्स का क्रिमिनल रिकार्ड पाये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
19. कोई भी बिडर जो स्टेट बार काउसिंल में पंजीकृत हो को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नही है।
20. निविदादाताओं को समस्त सूचनायें शपथ पत्र के रूप में देनी होगी। बिड की क्षमता के आकलन हेतु आवश्यक सूचनायें संलग्न होनी चाहिए। प्रत्येक बिडर को बिड डालने से पूर्व संतुष्ट होना चाहिए कि उनकी क्षमता उस कार्य को पूर्ण करने की है।
21. अनुबन्ध की अवधि में प्राइस एसक्लेशन अनुमन्य नहीं होगा।
22. प्रत्येक विडर को बिड के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रपत्र ((टी0–4, टी0–5, टी0–6) संलग्न करना अनिवार्य है।
23. शासनादेश संख्या 622/23–12–2012–2 आडिट/08 टी0सी0–2 लाख्नऊ दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
24. बिड से सम्बन्धित अनुभव प्रमाण पत्र, विगत 05 वर्षो का टर्न ओवर (सी0ए0 द्वारा प्रमाणित) जी0एस0टी0, पैन, टी–4, टी–5, टी–6, प्लान्ट एवं मशीनरी का विवरण तथा शासकीय विभाग में फर्म का श्रेणी–ए में पंजीकरण से सम्बन्धित अभिलेख, ई0एम0डी0 धनराशि का एफ0डी0आर0 तथा निविदा शुल्क हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट की स्कैन कॉपी निविदा डालते समय अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
25. सफल निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
26. मुख्य कार्यपालक अधिकारी को बिना कारण बताये किसी एक या सभी निविदायें निरस्त करने का अधिकार होगा।